# पंजाब केसरी

| National News Paper | Edition : Mandi (HP) | Circulation: 81613 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 12.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 03 | क्रम सं. (Serial No.) |

पंजाब केसरी
SAT,12 JULY 2025
EDITION: MANDI KESARI, PAGE NO. 3

## वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में सी.आई.एस.एफ. ने जीते 64 पदक, 560 पदक जीत कर भारत रहा तृतीय



*सुंदरनगर : पदकों के साथ सी.आई.एस.एफ. के खिलाड़ी। (सोनी)*

सुंदरनगर, 11 जुलाई (सोनी): बी.बी.एम.बी. की बी.एस.एल. परियोजना की सुरक्षा पर नियुक्त केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सी.आई.एस.एफ.) इकाई के उपकमांडेंट विशाल बंसल ने बताया है कि बर्मिंघम में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स-2025 में सी.आई.एस.एफ. ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 64 पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया है। उन्होंने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में विभिन्न देशों की पुलिस व अग्निशमन सेवाओं के कर्मी विभिन्न खेलों में हिस्सा लेते हैं। इस वर्ष इसमें 70 से अधिक देशों के 10 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि भारत ने इस अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में कुल 560 पदक जीत कर तृतीय स्थान हासिल किया, जबकि इसमें सी.आई.एस.एफ. की टीम ने 6 इवैंट्स में हिस्सा लिया और अपने श्रेष्ठ कौशल का प्रदर्शन करते हुए 64 पदक जीते। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में सी.आई.एस.एफ. की टीम की इस सफलता ने वैश्विक मंच पर भारतीय सुरक्षा बलों की शक्ति और संकल्प को सिद्ध किया है।